दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, रविवार 12 जनवरी 2020
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खिलाते हुए आरोपी गिरफ्तार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना छाल स्टाफ द्वारा दिनांक 10.01.2020 को धसकामुडा तालाब के पास खडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलने की सूचना पर रेड किया गया जिस पर जुआ खेलने वाले पुलिस को देखकर भाग गये। आरोपी अर्जुन गबेल पिता धरमलाल गबेल उम्र 32 वर्ष को पुलिस ने जुआ सामाग्री के साथ पकड़े। आरोपी से 1300 रूपये नगद, जुआ सामग्री जप्त किया गया है , जिसके विरूद्ध थाना छाल में धारा 4(क) जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### छत्तीसगढ़ युवा उत्सव का आगाज आज से

**12 से 14 जनवरी तक रायपुर के साइंस कालेज में होगा छत्तीसगढ़ युवा उत्सव**

**जिले के 343 प्रतिभागी कलाकार होंगे शामिल**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** स्वामी विवेकानंद की स्मृति में 12 से 14 जनवरी को रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ युवा उत्सव में रायगढ़ जिले के 343 प्रतिभागी कलाकार एवं खिलाड़ी अपनी प्रस्तुति देंगे। जिनमें लोकनृत्य में रायगढ़ से 22, सुआ नृत्य में सारंगढ़ से 21, पंथी नृत्य में रायगढ़ से 22, करमा नाचा में लैलूंगा एवं सारंगढ़ से 22-22, राउत नाचा में पुसौर से 21, डंडा नाच में पुसौर से 21, लोकगीत में रायगढ़ से 22, एकांकी नाटक में रायगढ़ से 26, शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी शैली में सारंगढ़ एवं पुसौर से 2-2, सितार वादन में सारंगढ़ से 2, बांसुरी वादन में रायगढ़ से 1 एवं सारंगढ़ से 2, तबला वादन में बरमकेला से 2 एवं घरघोड़ा से 3, मृदंगम में पुसौर से 1, बरमकेला से 2 एवं घरघोड़ा से 3, गिटार वादन में रायगढ़ से 1, ओडिसी नृत्य में रायगढ़ से 2, कत्थक में पुसौर से 4, वक्तृत्व कला में खरसिया से 1, फुगड़ी में धरमजयगढ़ से 1, भौंरा में धरमजयगढ़ से 1, पारंपरिक वेशभूषा में धरमजयगढ़ से 1, चित्रकला में रायगढ़ से 1, निबंध में धरमजयगढ़ से 1, वाद-विवाद में खरसिया से 1, बरमकेला से 1 एवं रायगढ़ से 2, क्वीज में पुसौर से 2, रॉकबैंड में रायगढ़ से 14, फूड फेस्टिवल में धरमजयगढ़ से 5 एवं रायगढ़ से 6, कबड्डी 15 से 40 वर्ष में बरमकेला से 2, रायगढ़ से 5, तमनार से 4, खरसिया से 3, पुसौर से 4, लैलूंगा से 1, धरमजयगढ़ से 6 एवं सारंगढ़ से 2 एवं 40 वर्ष से अधिक में बरमकेला से 1, रायगढ़ से 2, तमनार से 3, खरसिया से 3, पुसौर से 2, लैलूंगा से 1 एवं सारंगढ़ से 1, खो-खो 15 से 40 वर्ष में पुसौर से 11, लैलूंगा से 15 एवं रायगढ़ से 1 तथा 40 वर्ष से अधिक में लैलूंगा से 7, पुसौर से 4, सारंगढ़ से 1 एवं बरमकेला से 1 प्रतिभागी कलाकार शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री लाला बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि 11 जनवरी पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने शास्त्री जी के देश के प्रति उनके अतुल्य योगदान को याद करते हुए कहा है कि सादगी एवं सरलता की प्रतिमूर्ति शास्त्री जी दृढ़ इच्छा शक्ति के धनी थे जो उनके निर्णयों और कार्यों ने साबित किया है। उन्होंने जय जवान-जय किसान का संकल्प सूत्र देकर अन्नदाता किसानों की मेहनत को सम्मान दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी ने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया, ऐसे महान व्यक्तित्व की कमी देश को सदैव महसूस होती रहेगी।

### मुख्यमंत्री के 12 जनवरी के कार्यक्रम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 12 जनवरी को रायपुर और दुर्ग जिले के पाटन तहसील के ग्राम कुर्मीगुंडरा के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वान्ह 11 बजे रायपुर के होटल कोर्टयार्ड मैरियट में एन.डी.टी.वी. कॉनक्लेव में शामिल होने के बाद दोपहर 12 बजे साइंस कॉलेज मैदान पहुंचेंगे और राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3.30 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर शाम 4 बजे दुर्ग जिले के पाटन तहसील के ग्राम कुर्मीगुंडरा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 5.20 बजे रायपुर लौट आएंगे।

# देश के 115 आकांक्षी जिलों में से दन्तेवाड़ा को सुपोषण अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मिला सिल्वर स्कॉच अवार्ड

**» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष प्रयास से सुपोषण अभियान को मिली बड़ी सफलता**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकार गठन के तुरंत बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश से कुपोषण को समूल समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के तत्काल बाद दंतेवाड़ा जिले में सबसे पहले सुपोषण अभियान शुरू किया गया। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती 2 अक्टूबर 2019 को पूरे प्रदेश में कुपोषण अभियान प्रारंभ किया गया।

मुख्यमंत्री बघेल ने दंतेवाड़ा सहित ज्यादा कुपोषित जिलों में प्रवास के दौरान सुपोषण अभियान की समीक्षा करते रहे है। मुख्यमंत्री ने छेरछेरा पुन्नी के दिन उन्हें दान में मिली राशि और धान को सुपोषण अभियान के लिए समर्पित किया हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बस्तर क्षेत्र में सुपोषण के लिए गुड़ का वितरण भी शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुपोषण मुक्ति की दिशा में किए गए विशेष प्रयास से कुपोषण मुक्ति अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए देश के 115 आकांक्षी जिलों में से दन्तेवाड़ा जिले को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को कारगर ढंग से क्रियान्वयन करने के लिये नई दिल्ली के इंडिया हैबीटेट सेंटर में आयोजित स्कॉच अवार्ड समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्थिक सलाहकार विवेक देवराय द्वारा सिल्वर अवार्ड प्रदान किया गया है। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन की ओर से इस अवार्ड को जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सच्चिदानंद आलोक और आकांक्षी फैलो बसन्त कुमार ने ग्रहण किया। यह अवार्ड देश के 115 आकांक्षी जिलों की श्रेणी में सुपोषण अभियान को बेहतर ढंग से संचालित करने सहित उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के लिये दन्तेवाड़ा जिले को प्रदान किया गया है।



ज्ञातव्य है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के साथ ही सुपोषण अभियान को कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा के मार्गदर्शन में दन्तेवाड़ा जिले में सबसे पहले प्रारंभ किया गया है। जिले में सुपोषण अभियान को ग्राम पंचायतों के माध्यम से महिला समूहों की सहभागिता से संचालित किया जा रहा है।

जिले में कुपोषण और एनीमिया को जड़मूल से समाप्त करने के उद्देश्य से आरंभ इस महत्वाकांक्षी सुपोषण अभियान के जरिये अब लक्षित बच्चों और माताओं में आशातीत बदलाव आया है और मुख्य रूप से लो बर्थ वेट में आशाजनक वृद्धि हुई है, जो नवजात बच्चों में बढ़कर लगभग 3 किलोग्राम हो गया है। वहीं लक्षित बच्चों सहित माताओं तथा किशोरी बालिकाओं में हीमोग्लोबिन वृद्धि हुई है। इसके साथ ही बच्चों की सेहत में सुधार हुआ है। जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को सभी 124 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत सुपोषण केन्द्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिये 25 हजार से अधिक बच्चों, किशोरी बालिकाओं सहित पोषक माताओं एवं गर्भवती माताओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

इस अभियान में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये करीब 270 महिला समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करने सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों की सहभागिता सुनिश्चित किया गया है। इस अभियान के तहत सुपोषण केन्द्रों में लक्षित एक से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और पोषक माताओं एवं शालात्यागी किशोरी बालिकाओं को गर्म पौष्टिक भोजन सहित अंडा तथा गुड़-चना एवं मूंगफली का लड्डू प्रदान किया जा रहा है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों तथा गर्भवती माताओं को गर्म पौष्टिक भोजन सहित अंडा तथा गुड़-चना एवं मूंगफली का लड्डू उपलब्ध कराया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी सुपोषण अभियान को शुरू करने के पूर्व लक्षित हितग्राहियों का स्वास्थ्य जांच कर बेसलाइन सर्वेक्षण किया गया और कार्यान्वयन के बाद फिर अब पुनः स्वास्थ्य जांच कर हितग्राहियों में हीमोग्लोबिन वृद्धि सहित सेहत सुधार का आंकलन किया जा रहा है।

## कम्पनी के प्रबंधक व स्टाफ पर लापरवाही पाये जाने पर हुई कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना भूपदेवपुर के मर्ग क्रमांक 25/19 धारा 174 जा0फौ0 की जांच में पाया गया कि रामचंद्र साह पिता घुघली साह 52 वर्ष सा0 गुलुरा थाना सनदुला जिला गोपालगंज (बिहार) हाल मुकाम रायगढ़ जो नहरपाली मोनेट इस्पात प्राय0 लिमि0 में कार्य करता था।

दिनांक 14/10/2019 को सुबह 06 से 02 बजे शिफ्ट मे बायलर प्लांट नंबर 03 में रामचन्द्र साह इको जोन पाईप जाम होने से सुधार कार्य कर रहा था, बायलर प्लांट का शिफ्ट इंचार्ज दीपक कुमार लांजेवाड के निर्देशानुसार इको जोन पाईप मे काम चल रहा था कि अचानक जाम खुलकर प्रेसर के साथ गर्म डस्ट बाहर निकला जो रामचन्द्र (मृतक) के शरीर व चेहरा एवं मुंह में लगा डस्ट से वहां पर पूरा अंधेरा छा गया। मृतक डस्ट से पहचान नही आ रहा था अंधेरा छटने के बाद मृतक पेट मे दर्द होना चक्कर आना बताने पर प्लांट के डिस्पेंसरी ले गये वहां से जिंदल हास्पीटल ले गये जहां ईलाज के दौरान मृतक की मृत्यु हो गई। सम्पूर्ण जांच तस्दीक से मृतक की मौत कारखाना प्रबंधक एवं प्रबंधन के अन्य स्टाफ द्वारा फैक्टरी के मशीनरी उपकरण के देख रेख मे लापरवाही बरतने एवं कार्यरत कर्मचारी को पर्याप्त सुरक्षा सामाग्री प्रदाय नही करने से दुर्घटना होने से आये चोट से होना पाया गया। घटना के संबंध में मर्ग जांच पर से अप.क्र. 04/2020 धारा 283,304 ए,34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जय भोले कोल डिपो देलारी का संचालक व ट्रांसपोर्टर मनोज टम्टा गिरफ्तार

**» कोल डिपो में होता था मिलावटी कारोबार**

**» पिछले माह पूंजीपथरा पुलिस ने की थी कोलडिपों में छापेमारी**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस द्वारा माह दिसम्बर 2019 में ग्राम देलारी के जय भोले कोल डिपो में रेड कार्यवाही किया गया था जिसमें एन0टी0पी0सी0 लारा के लिये दुलंगा कोल माईंस सुंदरगढ (ओडिसा) से कोयला मां कालिका ट्रांसपोर्ट प्रा0 लि0 राजगांगपुर सुंदरगढ (ओडिसा) से मंगाया गया किंतु कोयला परिवहन के दौरान ट्रांसपोर्टर व जय भोले कोल डिपो संचालक के द्वारा सुनियोजित तरीके से पूंजीपथरा के निकट नियोजित वाहन क्र0 सीजी वाईएक्सएडी 4252, सीजी वी एक्स ए एफ 2159 एवं सीजी वी एक्स ए डी 4253 के वाहन चालकों से जय भोले कोल डिपो में कोयले की हेराफरी कराई जा रही थी। इसके अलावा वाहन क्र0 सीजी वी एक्स ए एफ 2161 लोड कोयला संहित डिपो के बाहर जप्त कर कार्यवाही की गई।



एडिशनल जनरल मैनेजर एवं फ्यूल मैनेजमेंट आफिसर एन.टी.पी.सी.लारा द्वारा ट्रांसपोर्टर, वाहन मालिक चालको एवं संचालक के विरूद्ध कार्यवाही वास्ते आवेदन थाना पूंजीपथरा में दिया गया था जिस पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 232/19 धारा 120 बी, 407, 411 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले में छापेमारी दौरान पूंजीपथरा पुलिस द्वारा कोल डिपो में ट्रेलर वाहन के ड्राइवर, कोल डिपो का मुंशी , कांटा ऑपरेटर, लोडर सहित सात व्यक्तियों को गिरफ्तार कर ट्रेलर वाहन मय कोयला, जेसीबी जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। कोल डिपो के कर्मचारियों ने कोल डिपो मनोज टम्टा व कुछ साझेदार मिलकर चलाने की जानकारी दिए थे। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मनोज टम्टा एवं वाहन मालिकों, ट्रांसपोर्टर्स की जानकारी जुटाई जा रही थी। इस दौरान पताचला कि जप्त की गई चारों वाहन ट्रांसपोर्टर मनोज कुमार की है।

आरोपी मनोज टम्टा का जय गणेश ट्रांसपोर्ट अतरमुड़ा रायगढ़ में है तथा आरोपी अंबिकापुर तथा रायगढ़ में गिरफ्तारी के भय से लुक छिप रहा था जिसे पूंजीपथरा पुलिस द्वारा अंबिकापुर जाकर अंबिकापुर बस स्टैंड से हिरासत में लेकर रायगढ़ आई। आरोपी मनोज टम्टा पिता गिरीश टम्टा उम्र 40 साल निवासी लोब थाना कुठपुड़िया जिला बागेश्वर राज्य उत्तराखंड हाल मुकाम छोटे अतरमुड़ा गैस गोदाम के पास थाना चक्रधरनगर रायगढ़ ने पूछताछ में कॉल डिपो का संचालन स्वयं करना तथा जप्त की गई गाड़ियां स्वयं की होना बताया है जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा गया है।

### युवती से छेड़खानी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना खरसिया में लालू सिदार निवासी दिनांक 11.01.2020 को खरसिया के विरूद्ध 21 वर्षीय युवती द्वारा छेडखानी किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। युवती विवाहित है तथा घर गृहस्थी का कार्य करती है। दिनांक 10.01.2020 के शाम करीब 07:00 बजे जब युवती अपने घर में अकेली थी उसी समय लालू सिदार जो इसके मोहल्ले में पार्षद के किराये मकान पर रहता है। घर अंदर घुस आया और अश्लील बातें कहते हुए गलत इरादे से युवती को पकड़ लिया और धक्का देकर नीचे गिरा दिया था। युवती जोर से चिल्लाई और वहां से भाग कर पड़ोस के घर गई और पति के आने पर उसे घटना की जानकारी दी तथा घटना की थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज करायी है , रिपोर्ट पर अप.क्र. 24/2020 धारा 354,354(क),456 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## चक्रधरनगर पुलिस की अवैध गांजा तस्करी पर कार्यवाही

**» ओमनी वेन से गांजे की तस्करी करता एक आरोपी गिरफ्तार**






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक विवेक पाटले को दिनांक 11.01.2020 को मुखबीर से सूचना मिला एकताल रोड पर उड़ीसा की ओर से अवैध गांजा ओमनी वाहन में लाई जा रही है।

जिस पर टीआई विवेक पाटले द्वारा थाने के एसआई खंडेकर, एएसआई डहरिया, आरक्षक धीरेंद्र पांडे , जगदीश रत्नाकर को एकताल रोड पर नाकेबंदी का निर्देश दिए स्टाफ द्वारा नाकेबंदी दौरान मेडिकल कॉलेज माझा पारा बैरियर के पास एकताल की ओर से आ रही ओमनी वाहन ओडी 02 ई-2562 को रोककर चेक किए जिसमें एक थैले में 2 किलो 400 ग्राम कीमत करीब 13000 का गांजा हेल्पर सीट पर रखा हुआ मिला, जिसे जप्त किया गया है। आरोपी/ड्राइवर मोहम्मद नौशाद पिता मोहम्मद असगर उम्र 29 साल निवासी सरडेगा जिला सुंदरगढ़, ओडिशा द्वारा गांजा उड़ीसा से लाकर अवैध रूप से बेचना स्वीकार किया है जिसे गिरफ्तार कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### गिरौदपुरी मेला 28 फरवरी से मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी में प्रतिवर्ष मेला का आयोजन किया जाता है। गिरौदपुरी मेला में लाखों श्रद्धालु गुरू दर्शन के लिए आते है। गिरौदपुरी मेला 28 फरवरी से एक मार्च तक लगेगा। मेले में श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी, ठहरने, भोजन, सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि बुनियादी सुविधाओं की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। मंत्री गुरू रूद्रकुमार की अध्यक्षता में गिरौदपुरी मेला विकास समिति की बैठक में प्रमुख मेला स्थल, छाता पहाड़ एवं पंचकुण्डी स्थल में आवश्यक सुविधाओं की सुचारू व्यवस्था की समीक्षा की गई। बलौदाबाजार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राज राजेश्वरी कौशल माता सहित समिति के सदस्य राजमहंत, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, एसपी सुश्री नीतुकमल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेले की संपूर्ण व्यवस्था के संयोजन के लिए एसडीएम कसडोल श्री टेकचंद अग्रवाल को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। संपूर्ण मेला अवधि के लिए 15 दण्डाधिकारी मौजूद रहेंगे। पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधा के लिए सेक्टरों का निर्माण कर जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जायेगी।

## स्वास्थ्य मंत्री मेडिकल कॉलेज फैकल्टी, कलेक्टरों और वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की कार्यशाला में हुए शामिल

**» संभाग के अस्पतालों का करेंगे भ्रमण, इलाज की नई तकनीक भी करेंगे साझा**

**» मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों और स्टॉफ को देंगे प्रशिक्षण**

**रायपुर।** रायपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ महासमुंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, रायपुर एवं धमतरी जिले के शासकीय अस्पतालों में बेहतर व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने वहां के डॉक्टरों और स्टॉफ को प्रशिक्षित करेंगे। वे इन जिलों के अस्पतालों का नियमित भ्रमण कर वहां के संसाधनों के बेहतर और अधिकतम उपयोग के लिए सुझाव देंगे। रायपुर मेडिकल कॉलेज, डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय और स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा आज यहां नवीन विश्राम भवन में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्रमुखों, कलेक्टरों, सीएमएचओ और सिविल सर्जन्स की कार्यशाला में इस संबंध में विचार-विमर्श किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव भी इस कार्यशाला में शामिल हुए।



प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और मौजूदा संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों को सरकारी अस्पतालों से जोड़ा जा रहा है। उनकी विशेषज्ञता का लाभ दूसरे शासकीय अस्पतालों तक भी पहुंचाया जाएगा। वे अस्पतालों का भ्रमण कर वहां ओपीडी सेवा, भर्ती मरीजों के उपचार व देखभाल और लोक स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी अमल के लिए सुझाव देंगे। वे वहां के तकनीशियन, नर्सों और अन्य स्टॉफ की दक्षता बढ़ाने आधुनिक तकनीकों की जानकारी देंगे। मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ जिला एवं अन्य अस्पतालों के डॉक्टरों से सर्जरी और विभिन्न प्रोसिजर्स की नई तकनीकों के बारे में भी अपने अनुभव साझा करेंगे। इससे उन अस्पतालों में भी इलाज की गुणवत्ता में सुधार आएगा।कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग की सचिव निहारिका बारिक सिंह, संचालक स्वास्थ्य श्री नीरज बंसोड़, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. एस.एल. आदिले, डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. विनीत जैन, क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक चौधरी, रायपुर मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. तृप्ति नागरकर, डॉ. शिप्रा शर्मा, डॉ. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. के.के. साहू, डॉ. योगेश जैन तथा रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार व महासमुंद जिले के कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन्स शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480